रविवासरीय
हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
रविवार, 08 अक्तूबर 2017, बरेली, पांच प्रदेश, 20 संस्करण
www.livehindustan.com

PAGE NO 6. RIGHT MIDDLE

महिलाएं होती हैं सर्वश्रेष्ठ मैनेजर

बरेली | प्रमुख संवाददाता

एसआरएमएस के मैनेजमेंट विभाग में वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए प्रबंधन प्रथाओं और प्रौद्योगिकी के नवीनीकरण व एकीकरण पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया।

सेमीनार का शुभारंभ मुख्य अतिथ रुहेलखंड विवि के पूर्व कुलपति प्रो. मोहम्मद मुजम्मिल और एसआरएमएस के चेयरमैन देव मूर्ति ने किया। इस दौरान वीके झा और जस्सू जैन भी मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि प्रो. मोहम्मद मुजम्मिल ने कहा कि आधुनिकीकरण समय की मांग है तथा हर क्षेत्र में इसकी जरुरत है। चेयरमैन देवमूर्ति ने कहा कि महिलाएं सर्वश्रेष्ठ मैनेजर होती हैं। इसका श्रेष्ठ उदाहरण घरों में काम करने वाली महिलाएं हैं जो कम से कम बजट में भी समान रुप से पूरे घर के खर्च को व्यवस्थित कर देती हैं। कार्यक्रम में वीके झा ने कहा कि नवीनीकरण के इस समय में हर व्यक्ति को समान रुप से अपना योगदान देना चाहिए।

एसआरएमएस में शनिवार को राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया।

इस मौके पर संस्थान के डा. संजय मिश्रा ने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि विद्यार्थी नवीनीकरण अपनाएं, इससे वे अपना व देश का उत्थान कर सकते हैं।